सरस मेला

चर्चा में क्यों?

2 दिसंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के रुद्रपुर स्थित गांधी मैदान में राष्ट्रीय सरस मेला-2021 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सरस मेले का आयोजन महिलाओं के सशक्तीकरण तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को बाज़ार देने के उद्देश्य से किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि ग्राम विकास, विभाग द्वारा आयोजित यह मेला 10 दिसंबर तक चलेगा।
- इस मेले में राज्य सरकार द्वारा 119 करोड़ रुपए का पैकेज राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत उन महिला समूहों को दिया गया, जो कोई-न-कोई हुनर रखती हैं।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय सरल मेले में 147 स्वयं सहायता समूहों ने हिस्सा लिया है।
- मुख्यमंत्री ने स्वरोज़गार एवं राज्य के आर्थिकी संसाधनों में वृद्धि हेतु शीघ्रता से ऋण मुहैया कराने के लिये बैंकों को निर्देश दिये हैं।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि रोज़गार एवं स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न रोज़गार योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/saras-mela